NETFLIX

टेलेंट और क्रू से संबंधित गोपनीयता सूचना

परिचय

आपकी गोपनीयता और आपके व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा **Netflix** के लिए महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि आप यह समझें कि हम आपका व्यक्तिगत डेटा कैसे और क्यों उपयोग करते हैं। (व्यक्तिगत डेटा को कभी-कभी "व्यक्तिगत जानकारी" भी कहा जाता है)। हमने यह गोपनीयता सूचना आपको यह बताने के लिए प्रस्तुत की है, कि हमारे साथ आपके संबंध होने के दौरान और उसके बाद भी **Netflix** किस तरह आपका व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा और उपयोग करता है।

हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग हमेशा लागू डेटा सुरक्षा कानून के अनुसार करेंगे।

यह गोपनीयता सूचना सभी टेलेंट और क्रू सदस्यों पर लागू है। हम आपको इसे जानने और समझने की सलाह देंगे और आपके कोई प्रश्न होने पर हमसे **netflixdpo@netflix.com** पर संपर्क करने का सुझाव देते हैं।

हमारे साथ आपके संबंध होने के दौरान और उसके बाद भी यह सूचना सभी टेलेंट और क्रू सदस्यों पर लागू है। यह सूचना सेवा प्रदान करने वाले किसी अनुबंध का भाग नहीं है। हम इस सूचना में कभी भी बदलाव कर सकते हैं और आपको किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव की जानकारी देंगे।

हम जब आपका व्यक्तिगत डेटा या उपयोग करते हैं, उन विशेष स्थितियों में इस गोपनीयता सूचना के सहित हमारे द्वारा आपको भेजे जाने वाली अन्य गोपनीयता दस्तावेज़, आपको यह सूचना कि हम कैसे और क्यों यह डेटा उपयोग कर रहे हैं।

हमारे द्वारा आपका व्यक्तिगत डेटा उपयोग करने का तरीका

Netflix केवल डेटा सुरक्षा कानून के अनुसार अनुमति होने पर ही आपका व्यक्तिगत डेटा उपयोग करेगा। मुख्य रूप से हम उस फ़िल्म निर्मिति, वितरण और फ़िल्म निर्मिति का व्यवसाय करने में आपका व्यक्तिगत डेटा उपयोग करेंगे, जिसमें आप शामिल हैं।

यहां वे उद्देश्य हैं, जिनके लिए हम आपका व्यक्तिगत डेटा उपयोग करते हैं:

- **कर्मियों का प्रबंधन और प्रशासन**: काम का आकलन, प्रोजेक्ट प्रबंधन सहित, आमतौर पर कार्य संबंधी गतिविधियों और कर्मियों का प्रबंधन; काम के लिए यात्रा व्यवस्था करना; लेखापरीक्षा ट्रेल्स और अन्य रिपोर्टिंग टूल्स का संकलन; बिज़नेस गतिविधियों से संबंधित रिकॉर्ड बनाए रखना; बजट तैयार करना, वित्तीय प्रबंधन व रिपोर्टिंग; संचार; और निगरानी गतिविधियां (टेलीफोन, ईमेल, इंटरनेट और Netflix के अन्य संसाधनों की निगरानी सहित) और गोपनीय जांच करना।
- **पेरोल और लाभ प्रबंधन**: भुगतान व्यवस्था, वेतन व्यवस्था और भुगगान करना और वेतन समीक्षा, वेतन और अन्य अवार्ड्स जैसे स्टॉक विकल्प, स्टॉक अनुदान और बोनस, स्वास्थ्य देखभाल, पेंशन और बचत प्लान; एवं अन्य संविदात्मक लाभ और ऋण का सम्मान।
- **कार्य योजना और आवंटन:** कार्यबल विश्लेषण व प्लानिंग; और **Netflix** की संपत्तियां और कर्मचारियों का विनियोजन ।
- **मानव संसाधन प्रबंधन:** प्रशिक्षण प्रबंधन और व्यवस्थापन, छुट्टी, पदोन्नति, हस्तांतरण और कोचिंग प्रबंध, अनुशासनात्मक मामलों और नौकरी से हटाने की व्यवस्था, आईटी और संचार सिस्टम का संचालन व प्रबंधन; और विलय, अधिग्रहण और पुनर्गठन या विनियोजन प्रबंधन।
- **संचार (आपात स्थिति सहित)**: टेलेंट और क्रू सदस्यों को संचार सुविधा देना; संदर्भ देना; बिज़नेस में निरंतरता सुनिश्चित करना; टेलेंट और क्रू व अन्य का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुरक्षित करना; आईटी इंफ़्रास्ट्रक्चर कार्यालय के उपकरण और अन्य संपत्ति की रक्षा करना; और आपातकाल में संचार व्यवस्था।

NETFLIX

- **अनुपालन:** लागू कानून और अन्य शर्तों का अनुपालन करना, जैसे आयकर और राष्ट्रीय बीमा कटौती; रिकॉर्डकीपिंग और रिपोर्टिंग दायित्वों; लेखापरीक्षा आयोजित करना; लागू कानून का अनुपालन और इसी तरह के अनुरोधों का लागू कानून के अनुसार अनुपालन; कानूनी अधिकार और उपाय लागू करना,; मुकदमे से बचाव और कोई भी आंतरिक शिकायतों या दावों का प्रबंधन; और गोपनीय नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करना।

हम "विशेष" या "संवेदनशील" व्यक्तिगत डेटा भी एकत्र और उपयोग कर सकते हैं, जिसका मतलब आपकी ट्रेड यूनियन सदस्यता, स्वास्थ्य, आपराधिक धारणा और इतिहास, जातीयता, धर्म, यौन अनुकूलन या राजनीतिक धारणा से संबंधित व्यक्तिगत डेटा से है। जहां यह व्यक्तिगत डेटा आवश्यक है, हम इसका उपयोग निम्न परिस्थितियों में करेंगे:

- जहां हमें आपकी स्पष्ट सहमति है;
- जहां हमारे दायित्वों को पूरा करना और रोजगार, सामाजिक सुरक्षा या सामाजिक सुरक्षा कानून या सामूहिक समझौते के क्षेत्र में हमारे अधिकार उपयोग करना आवश्यक है;
- जहां आपकी कार्य क्षमता का आकलन करना आवश्यक है;
- जहां एक विशिष्ट कानूनी दायित्व के अंतर्गत होना आवश्यक है; या;
- जहां विशिष्ट कानूनी बाध्यता आवश्यक हो; या
- जहां आपने स्पष्ट रूप से यह जानकारी हमारे लिए उपलब्ध की है।

आपके व्यक्तिगत डेटा का खुलासा

हम आपका व्यक्तिगत डेटा अपनी तरफ से अपने सहयोगियों, समूह कंपनियों और कुछ थर्ड पार्टियों को उपयोग करने के लिए दे सकते हैं। हम प्रत्येक स्थिति में सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी सभी पार्टियां आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग इस गोपनीयता सूचना के अनुसार करेंगे।

हम निम्न परिस्थितियों में भी आपके व्यक्तिगत डेटा का खुलासा कर सकते हैं:

- जहां हमें लगे कि ऐसा करना अधिकार, संपत्ति, सुरक्षा या हमारी रक्षा, हमारा कार्य, हमारे अन्य टेलेंट और क्रू मेंबर या सार्वजनिक रूप से आवश्यक है;
- हमारे द्वारा आप पर कोई अनुबंध या नीति जबरन लागू करने में;
- किसी थर्ड पार्टी के दावों या आरोपों के खिलाफ खुद को या दूसरों की जांच और बचाव करने में; और
- कोई बिज़नेस लेनदेन के संबंध में, जैसे मर्जर/विलय, नियंत्रण में परिवर्तन या परिसंपत्तियों की बिक्री.

हम यूरोपियन इकोनॉमिक एरिया और अन्य क्षेत्रों से बाहर के देशों में जानकारी साझा करने के लिए व्यक्तिगत डेटा हस्तांतरण करने पर यह सुनिश्चित करेंगे कि जानकारी इस गोपनीयता सूचना और लागू डेटा सुरक्षा कानून के अनुसार दी गई है।

डेटा प्रतिधारण

Netflix आपका व्यक्तिगत डेटा केवल तब तक प्रतिधारित करेंगे, जब तक यह डेटा इसे करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक है, जिसमें किसी भी कानूनी, लेखांकन या रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य शामिल हैं। व्यक्तिगत डेटा रखने की उचित अवधि निर्धारित करने के लिए, हम व्यक्तिगत डेटा की मात्रा, प्रकार और संवेदनशीलता, अनधिकृत उपयोग से हानि का संभावित जोखिम या आपके व्यक्तिगत डेटा के प्रकटीकरण पर विचार करते हैं, जिसके लिए हम आपका व्यक्तिगत डेटा उपयोग करते हैं और क्या हम उन उद्देश्यों को अन्य माध्यमों और लागू कानूनी आवश्यकताओं के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें, हम फ़िल्म निर्मिति में शामिल सभी लोगों का रिकॉर्ड अपने रिकॉर्ड के लिए हमेशा बनाए रखेंगे।

NETFLIX

<u>हमें परिवर्तनों के बारे में सूचित करने का आपका कर्तव्य</u>

Netflix को आपकी जानकारी से संबंधित व्यक्तिगत डेटा सहीऔर अप-टू-डेट होना सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसलिए हम अनुरोध करते हैं कि हमारे साथ आपका संबंध होने तक आपके व्यक्तिगत डेटा में कोई परिवर्तन होने पर आप यथासंभव रूप में हमें सूचना दें।

<u>आपकी सूचना और अधिकार</u>

आप अपना व्यक्तिगत डेटा एक्सेस/अभिगम करने का अनुरोध कर सकते हैं या हमारे पास आपका जो पुराना या गलत व्यक्तिगत डेटा है, उसे ठीक करें या अपडेट कर सकते हैं। अनुरोध करने या हमारी गोपनीयता संबंधी कार्यप्रणालियों के बारे में आपके कोई प्रश्न होने पर कृपया हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी/गोपनीयता कार्यालय पर संपर्क करें। हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी/गोपनीयता कार्यालय पर संपर्क करते समय कृपया अपने से संबद्ध फ़िल्म निर्मिति के बारे में सूचित करें: netflixdpo@netflix.com । हम लागू डेटा सुरक्षा कानून के अनुसार लोगों के द्वारा अपने डेटा सुरक्षा अधिकार उपयोग करने की इच्छा के बारे में उनसे मिलने वाले सभी अनुरोधों पर प्रतिक्रिया देते हैं। हम अकारणवश या कानून के अनुसार अनावश्यक अनुरोध रद्द कर सकते हैं, जिनमें अत्यधिक अव्यावहारिक, असमान तकनीकी प्रयास की आवश्यकता वाले या हमें परिचालन में जोखिम हो सकने से संबंधित अनुरोध शामिल हैं।

कृपया ध्यान रखें कि उपरोक्त अधिकार पूर्ण नहीं हैं और ऐसी परिस्थितियां हो सकती हैं, जहां हम आपके अनुरोध का पालन (या तो पूरी तरह से या कुछ भाग में) करने में असमर्थ हों। हम ऐसी स्थितियों में अनुरोध का पालन न करने का कारण स्पष्ट करेंगे।

हमें आपकी पहचान की पुष्टि करने और जानकारी एक्सेस करने का आपका अधिकार (या आपके कोई अन्य अधिकार उपयोग करने) सुनिश्चित करने में मदद के लिए आपसे विशिष्ट जानकारी का अनुरोध करने की आवश्यकता हो सकती है। यह एक और सुरक्षा का माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्तिगत डेटा सुरक्षित रहे, किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ न लगे।

<u>सहमति वापस लेने का अधिकार</u>

सीमित परिस्थितियों में जहां आपने किसी विशेष उद्देश्य के लिए अपने व्यक्तिगत डेटा के संग्रह, प्रसंस्करण और हस्तांतरण के लिए अपनी सहमति प्रदान की हो, तो आपको किसी भी समय उस विशिष्ट प्रसंस्करण के लिए अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार है।

अपनी सहमति वापस लेने के लिए कृपया हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी/गोपनीयता कार्यालय से netflixdpo@netflix.com पर संपर्क करें।

आपके द्वारा अपनी सहमति वापस लेने की सूचना मिलने पर हम आपके द्वारा दिए गए मूल उद्देश्य या उद्देश्यों के लिए आपकी जानकारी का उपयोग करेंगे नहीं। अगर कोई कानूनी आधार पर आपकी जानकारी उपयोग करना हो तो उसकी जानकारी हम आपको जवाब देते समय देंगे। कृपया ध्यान दें, अधिकांश स्थितियों में हम आपका व्यक्तिगत डेटा उपयोग करने के लिये आपकी सहमति पर निर्भर नहीं करते हैं।

<u>हमसे संपर्क करें</u>

यदि आपके व्यक्तिगत डेटा या Netflix के द्वारा इसे उपयोग करने के संबंध में आपको कोई प्रश्न हैं, तो कृपया हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी/गोपनीयता कार्यालय से नीचे दिए गए ईमेल पते पर संपर्क करें। हमसे संपर्क करते समय कृपया आप कौन से फ़िल्म निर्माण से संबद्ध हैं, वहां सूचित करें।

Netflix का डेटा सुरक्षा अधिकारी: netflixdpo@netflix.com